# कार्यालय सामाजिक सुरक्षा अधिकारी, सान्याअवि, ब्लॉक इटावा, कोटा

क्रमांकः—सान्याअवि / 2022 / 765 दिनांकः— 8/12/2022

## निविदा सूचना संख्या 01 / 2022—23

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, राजस्थान, जयपुर द्वारा ब्लॉक क्षैत्रों में विभागीय योजनाओं के सुचारू रुप से संचालन हेतु संचालित कार्यालय सामाजिक सुरक्षा अधिकारी, ब्लॉक इटावा, कोटा के अधीन संचालित राजकीय अम्बेडकर अनुसूचित जाति बालक छात्रावास खातोली, राजकीय सावित्री बाई फुले कन्या छात्रावास पीपल्दा ,जिला कोटा के कार्यालयों के सुचारू कार्य संचालन हेतु स्मार्ट एल.ई.डी टी.वी. एवं प्रिन्टर एवं कम्प्यूटर वित्त वर्ष 2022—23 के लिये वांछनीय है। अतः जिसकी अनुमानित लागत 2 लाख रूपये है अतः बोनाफाईड विनिर्माता / थोक विक्रेता / होलसेल निर्माता एवं वितरण / प्राधिकृत डीलर / उप डीलर / विपणन एजेन्ट से बिनाशर्त निविदा दिनांक 26.12.2022 को दोपहर 2.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। जिसे उसी दिन दोपहर 03.00 बजे खोला जायेगा। बिड से संबंधित विस्तृत जानकारी विभागीय वेब साईट **http;//sje.rajasthan.gov.in** या लोक उपापन पोर्टल **sppp.rajasthan.gov.in** एवं डी पी आर की वेबसाईट **www.dipronline.org** पर देखी जा सकती है।

UBN: **(CED2223GSOB00036)**

NIB CODE: **CED2223A0037**

सामाजिक सुरक्षा अधिकारी
सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग
ब्लॉक इटावा, जिला—कोटा

क्रमांकः—सान्याअवि / 2022 / 766-768 दिनांकः—8/12/2022

प्रतिलिपिः—

1. श्रीमान निदेशक महोदय, सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, राजस्थान जयपुर को उक्त विज्ञप्ति की 03 प्रतियां भिजवाकर निवेदन है कि उक्त विज्ञप्ति का नियमानुसार आपके विभाग की वेबसाइट पर प्रकाशित कराने का कष्ट करावे एवं निविदा सूचना एक क्षेत्रीय स्तर के समाचार पत्र में न्यूनतम स्पेस में सरकार द्वारा अनुमोदित दर पर प्रकाशित करावें।
2. एनालिस्ट कम प्रोग्रामर, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, राज0 जयपुर को निविदा सूचना एवं निविदा प्रपत्र भेजकर निवेदन है कि नियमानुसार विभागीय बेवसाइट पर प्रकाशित कराने का कष्ट करावें।
3. नोटिस बोर्ड, कार्यालय हाजा / संभागीय आयुक्त / जिला कलक्टर / जिला परिषद / नगर निगम कोटा / पंचायत समिति इटावा।

सामाजिक सुरक्षा अधिकारी
सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग
ब्लॉक इटावा, जिला—कोटा

# कार्यालय सामाजिक सुरक्षा अधिकारी, सान्याअवि, ब्लॉक इटावा, कोटा

क्रमांकः—सान्याअवि / 2022 / 765 दिनांकः— 8/12/2022

## तकनीकी बिड निविदा 01 / 2022—23

## कम्प्युटर, प्रिंटर एवं स्मार्ट एल.ई.डी के क्रयार्थ

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, राजस्थान, जयपुर द्वारा ब्लॉक क्षैत्रों में विभागीय योजनाओं के सुचारु रुप से संचालन हेतु कार्यालय सामाजिक सुरक्षा अधिकारी, ब्लॉक इटावा, कोटा के अधीन संचालित राजकीय अम्बेडकर अनुसूचित जाति बालक छात्रावास खातोली, राजकीय सावित्री बाई फुले कन्या छात्रावास पीपल्दा, जिला कोटा के कार्यालयों के सुचारु कार्य संचालन हेतु स्मार्ट एल.ई.डी टी.वी. एवं प्रिन्टर एवं कम्प्यूटर वित वर्ष 2022—23 के वांछनीय है। उक्त सामग्री के क्रय एवं आपूर्ति बाबत् दिनांक 26.12.2022 को दोपहर 02:00 बजे तक बोलियां आमन्त्रित की जाती है—

| क्र. सं. | विवरण | अनुमानित मूल्य | बिड प्रपत्र शुल्क | बोली प्रतिभूति राशि(Bid Security) | निविदा ऑनलाईन करने की तिथि | निविदा डालने की तिथि | निविदा खोलने की तिथि | डी0डी0 / धरोहर राशि जमा करवाने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2 कम्प्यूटर एवं 2 प्रिन्टर एवं 2 स्मार्ट एल.ई.डी टी.वी 43" | रूपये 2,00,000 लगभग | रू. 200 मात्र | रु 4000 / — | 10.12.2022 प्रातः 09.30 बजे से | 26.12.2022 को दोपहर 02.00 बजे तक | 26.12.2022 को दोपहर 03.00 बजे | 26.12.2022 को दोपहर 02.00 बजे तक |

बिड की शर्तेः—

1. बोली प्रतिभूति बोण्ड के बिना प्राप्त बोलियों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।
2. संविदा प्रपत्र, नियम / शर्ते, संविदा से सम्बन्धित दस्तावेज आदि निर्धारित बिड प्रपत्र शुल्क रु. 200 का डीडी / बैंकर्स चैक सामाजिक सुरक्षा अधिकारी, सान्याअवि, ब्लॉक इटावा, कोटा के कार्यालय में जमा कराकर 26 / 12 / 2022 दोपहर 02:00 बजे तक कार्यालय में जमा करवाए जा सकते हैं या वेबसाईट www.sppp.rajasthan.gov.in से बिड प्रपत्र Online Download कर भरकर प्रस्तुत किया जा सकता है।
3. निविदा प्रपत्र सील बंद लिफाफे में, जिसके उपर " **कम्प्युटर, प्रिंटर एवं स्मार्ट एल.ई.डी के क्रयार्थ खुली निविदा**" अंकित हो, सामाजिक सुरक्षा अधिकारी, सान्याअवि, ब्लॉक इटावा के कार्यालय में **दिनांक 26.12.2022 को दोपहर 02:00 बजे तक** पहुँच जानी चाहिए। प्राप्त बिड को **दिनांक 26.12.2022 को दोपहर 03.00 बजे से** उपस्थित बिडदाताओ या उनके अधिकृत प्रतिनिधियों की उपस्थिति में कार्यालय सामाजिक सुरक्षा अधिकारी, सान्याअवि, ब्लॉक इटावा, कोटा में खोला जाएगा।
4. **बिड** के साथ में बिड प्रतिभूति राशि रु0 4000 / — पंजीयन प्रमाण पत्र, आयकर विभाग द्वारा जारी **PAN Card** की बिडदाता द्वारा स्वयं प्रमाणित प्रतिलिपि प्रस्तुत करनी अनिवार्य होगी।
5. **निविदादाता को सभी सामग्री की दरें प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।**
6. उपापन संस्था न्यूनतम दर वाले संविदा को स्वीकार किए जाने के लिए बाध्य नहीं है तथा वह किसी भी संविदा को या उसके किसी भी भाग को बिना कोई कारण बताए रदद कर सकेगी।समस्त मामलों में उपापन कमेटी का निर्णय अन्तिम एवं मान्य रहेगा।
7. बिड प्रपत्र में वर्णित शर्तो के अतिरिक्त जहाँ आवश्यक हो समान्य वित्तीय एवं लेखा नियमों के नियम तथा राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता अधिनियम—2012 व नियम—2013 के प्रावधान व समय—समय पर किए गए संशोधन भी उक्त कोटेशन आमंत्रण सूचना पर लागू होंगें।

सामाजिक सुरक्षा अधिकारी
सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग
ब्लॉक इटावा, जिला—कोटा

# कार्यालय सामाजिक सुरक्षा अधिकारी, सान्याअवि, ब्लॉक इटावा, कोटा

क्रमांकः–सान्याअवि / 2022 /                                        दिनांकः–

**तकनीकी बिड निविदा 01 / 2022–23**

**कम्प्युटर, प्रिंटर एवं स्मार्ट एल. ई.डी के क्रयार्थ**

(अन्तर्गत सूचना संख्या 01 / 2022 क्रमांकः–सान्याअवि / 2022 / 765 दिनांकः–08.12.2022)

1. बिड मूहरबंद लिफाफे में, जिसके उपर " **कम्प्युटर, प्रिंटर एवं स्मार्ट एल.ई.डी के क्रयार्थ खुली निविदा**" अंकित हो, सामाजिक सुरक्षा अधिकारी, सान्याअवि, ब्लॉक इटावा, जिला–कोटा के कार्यालय में दिनांक 26.12.2022 को दोपहर 02.00 बजे तक पहुँच जानी चाहिए।
2. प्राप्त निविदा को दिनांक 26.12.2022 को दोपहर 03.00 बजे से उपस्थित बिडदाताओ या उनके अधिकृत प्रतिनिधियों की उपस्थिति में खोली जाएगी।
3. बिड प्रपत्र शूल्क रू. 200 / – डी0डी0 / बैंकर्स चैक / नकद रसीद नं0............... दिनांक.................. (सामाजिक सुरक्षा अधिकारी, सान्याअवि, ब्लॉक इटावा, जिला–कोटा के नाम कोटा मुख्यालय पर भुगतान योग्य)
4. बिड प्रतिभूति राशि रु0 4000 / – के डी0डी0 की प्रति प्रस्तुत करना अनिवार्य है।

बोलीदाता निम्न दस्तावेज की स्वयं प्रमाणित प्रति संलग्न करनी आवश्यक होगी–

| क्र.सं. | विवरण | बोलीदाता द्वारा भरा जावे |
|---|---|---|
| 1. | 1. बोलीदाता फर्म का पूरा नाम एवं पता (पंजीयन प्रमाण पत्रानुसार) | |
| | 2. फोन नंबर STD Code सहित | |
| | 3. ई मेल आई डी | |
| | 4.अधिकृत व्यक्ति का नाम एवं पद (Authorised signatory) (अधिकृति पत्रसंलग्न करावें) | |
| | 5. मोबाईल नम्बर | |
| 2. | बोली किससे संबंधित है | सामाजिक सुरक्षा अधिकारी, सान्याअवि, ब्लॉक इटावा, कोटा |
| 3. | बोली का सन्दर्भ | |
| 4. | **बिड प्रतिभूति घोषणा (रू. 4000 / – के डी0डी0 की प्रति)** | |
| 5. | बिड प्रपत्र शूल्क रू. 200 / – | डी0डी0 / बैंकर्स चैक / नकद रसीद नं0...................... दिनांक................. |
| 6. | PAN No. (पेन कार्ड) की स्वयं प्रमाणित प्रति संलग्न करनी होगी। | |
| 7. | GST Registration No. (रजिस्ट्रेशन पत्र की स्वयं प्रमाणित प्रति संलग्न करे) | |
| 8. | फर्म के बैंक खाते का विवरण 1. बैक का नाम 2. ब्रांच का नाम 3. खाता संख्या 4. IFSC कोड | |
| 9. | क्या फर्म को कभी केन्द्र या किसी राज्य सरकार द्वारा काली सूची (Black Listed) में दर्ज किया गया है? यदि हॉ तो विवरण देवे और यदि नहीं तो Annexure –A में घोषणा करें। | |
| 10. | बोलीदाता के बोनाफाईड विनिर्माता / थोक विक्रेता / एकमात्र सोल या उप वितरक / प्राधिकृत डीलर / उप डीलर / सोल विक्रेता / विपणन एजेन्ट | |

| | | |
|---|---|---|
| | होने के संबंध में घोषणा एस0आर0 11 संलग्न करें Annexure –B | |
| 11. | संलग्न Annexure –C हस्ताक्षरित | |
| 12. | संलग्न Annexure –D हस्ताक्षरित | |
| 13. | संलग्न Annexure –E हस्ताक्षरित | |

मै / हम **सामाजिक सुरक्षा अधिकारी, सान्याअवि, ब्लॉक इटावा, जिला–कोटा** द्वारा जारी की गई निविदा संख्या 01 / 2022 क्रमांकः–फा. ( )computer / निविदा / 2022 / 765 दिनांकः–08.12.2022 में वर्णित समस्त शर्तो तथा संलग्न पत्रों (जिसके समस्त पृष्ठों पर हमने उसमें वर्णित शर्तो की स्वीकृति के प्रमाण स्वरूप हस्ताक्षर कर दिए है) में दी गई समस्त शर्तो से बाध्य होना स्वीकार करते है साथ ही इस बात पर भी सहमति देते है कि मेरे / हमारे द्वारा निविदा के साथ संलग्न किए गए दस्तावेजों की प्रमाणिकता की जांच मेरे / हमारे द्वारा अपने स्तर पर कर ली गई है। सभी दस्तावेज विधिक / प्रक्रियात्मक / मौलिक रूप से सही है। यदि निविदा प्रक्रिया या निविदा प्रक्रिया के पश्चात् किसी भी स्तर पर उक्त दस्तावेजों की प्रमाणिकता असिद्व होती है तो इसके लिए मैं / हम पूर्ण रूपेण उत्तरदायी रहूंगा / रहेंगे एवं इसके लिए विभाग किसी भी स्तर पर किसी भी समय बिना नोटिस दिए हमारी निविदा / अनुबंध को निरस्त करने / हमारे विरूद्ध कानून / विधिसम्मत दण्डात्मक कार्यवाही करने के लिए समक्ष होगा।

**बिडदाता के हस्ताक्षर मय मुहर**

बिड दाता का नाम

पूर्ण पता

टेलीफोन न0 ( निवास )– ( कार्यालय )

मोबाईल नम्बर ई–मेल

Annexure-A

## ब्लेक लिस्ट/अयोग्य न होने का प्रमाण पत्र

मैं/हम घोषणा करता हूँ/करते हैं कि हमारी फर्म को किसी भी राजकीय विभाग/राजकीय संस्थान/निगम/बोर्ड आदि के द्वारा सामान/सामग्री की गुणवत्ता एवं सन्तोषप्रद आपूर्ति नहीं करने के लिए कोई शास्ति आरोपित नहीं की गई है एवं न ही ब्लेक लिस्ट/अयोग्य घोषित किया गया है।

यदि यह घोषणा असत्य पाई जाए तो किसी भी अन्य कार्यवाही, जो की जा सकती है, पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना, मेरी/हमारी प्रतिभूति को पूर्ण रूप में समपृहत किया जा सकेगा तथा निविदा को, जिस सीमा तक उसे स्वीकार किया गया है, रद्द किया जा सकेगा।

**बिडदाता के हस्ताक्षर मय मुहर**

बिड दाता का नाम

पूर्ण पता

टेलीफोन न0 ( निवास )–
( कार्यालय )
मोबाईल नम्बर
ई–मेल

**Annexure-B**

एस. आर. 11

## –:निविदादाताओं द्वारा घोषणाः–

मैं/हम घोषणा करता हूँ/करते हैं कि मैने/हमने जिन मालों/स्टोर्स/उपकरणों के लिए निविदा दी है, उनका/उनके, मैं/हम बोनाफाईड विनिर्माता/थोक विक्रेता/सोल वितरक/प्राधिकृत डीलर/सोल विक्रेता/विपणन एजेन्ट/उप विक्रेता/विक्रेता हूं/हैं। यदि यह घोषणा असत्य पाई जाए तो किसी भी अन्य कार्यवाही, जो की जा सकती है, पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना, मेरी/हमारी प्रतिभूति को पूर्ण रूप में समपृहत किया जा सकेगा तथा निविदा को, जिस सीमा तक उसे स्वीकार किया गया है, रद्द किया जा सकेगा।

**बिडदाता के हस्ताक्षर मय मुहर**

बिड दाता का नाम

पूर्ण पता

टेलीफोन न0 ( निवास )–
( कार्यालय )
मोबाईल नम्बर
ई–मेल

आजादी का अमृत महोत्सव

भीम

# कार्यालय सामाजिक सुरक्षा अधिकारी, सान्याअवि, ब्लॉक इटावा, कोटा

क्रमांकः—सान्याअवि / 2022 / दिनांकः—

तकनीकी बिड निविदा 01 / 2022—23

कम्प्युटर, प्रिंटर एवं स्मार्ट एल.ई.डी के क्रयार्थ

**Annexure-C**

प्रिन्टर के लिए स्पेसिफिकेशन

| क्र.स. | वांछित स्पेसिफिकेशन | आईटम विवरण |
|---|---|---|
| 1 | Brand | HP, CANAN or Equivalent |
| 2 | Series | Laserjet Black & White |
| 3 | Colour | any colour |
| 4 | Item Height | 35 Centimeters to 40 Centimeters |
| 5 | Item Width | 45 Centimeters to 50 Centimeters |
| 6 | Product Dimensions and Weight | 45—50 X 40-50 X 35-40, 6 to 8 k.g. |
| 7 | Connectivity type | Wi- Fi, USB |
| 8 | Hardware Platform | Desktop laptop |
| 9 | Operating System | window 7 (32/64bit ) 2008Server R2,8(32/64bit), 8.1 (32/64 bit), 10 (32/64), 2012 Server, 2016, Server, 2016 Server, macOS v10.14 Mojave, mac OS v10.13 High Sierra, macOS v 10.12 Sierra, OS X v 10.11 E I Capitan |
| 10 | Included Components | Leser MFP 136 w Printer; Preinstalled intyroductory Leaser Jet Black Print cartridges (~1.5Kpages,CH/IN);Setup Guide; Reference Guide; Regulatory, Statements Flyer; Power cord; USB cable |

स्मार्ट टी.वी. के लिए स्पेसिफिकेशन

| क्र.स. | वांछित स्पेसिफिकेशन | आईटम विवरण |
|---|---|---|
| 1 | Size (Diagonal) | 43" |
| 2 | Resolution (Minimum) | 4k(3840*2160) |
| 3 | Brightness | 350 nits or better |
| 4 | Contrast Ratio (Typical) | 1200:01 or Higher |
| 5 | Viewing Angle (H x V) | 178*178 |
| 6 | Input (Minimum) | 2 x HDMI, 2 x USB, 1 X Audio |
| 7 | Output (Minimum) | 1 x HDMI, 1 x Audio |
| 8 | Wi-Fi Support | Wi-Fi (802.11 a/b/g/n/ac) Built in Support |
| 9 | Speaker | Built-in speaker (12w+12w) or higher |
| 10 | Certifications/Compliance for the quoted item/Model | BIS, Rohs Energy Star |
| 11 | Penel Technology | LED |

कम्प्यूटर के लिए स्पेसिफिकेशनः

| क्र.स. | वांछित स्पेसिफिकेशन | आईटम विवरण |
|---|---|---|
| 1 | Processor | Intel I3/ADM Ryzen-3(10th Generation/equivalent ADMI 4 core, with minimum 3.0 GHz or higher (base frequency), 6 MB cache or higher |
| 2 | Chipset | Commercial class Compatible Intel/AMD Chipset |
| 3 | Memory (RAM) | 8 GB DDR4 2666/2933 MHz or higher with minimum 2 DIMM Slcts Expandable up to 32 GB |
| 4 | Storage | 1 TB 7200 RPM SATA Drive and / or 512 GB SSD |
| 5 | Display | Minimum 19.0 inch or higher, Resolution 1920x1080 or higher display, TCO Certified |
| 6 | Keyboard | OEM USB Keyboard |
| 7 | Mouse | OEM USB two button optical Mouse with mouse pad |
| 8 | Ports | Minimum 6 USB ports with at least 2 USB 3.0 ports, 1-VGA/HDMI, audio jack for headphone & microphone |
| 9 | Network Interface | Integrated 10/100/1000 GB Ethemet |
| 10 | Graphics | Integrated Graphich Card |
| 11 | Operating System | Pre-installed Genuine OEM Microsft Windows 10 professional (64 bit) with OEM recovery partition/recovery DVD |
| 12 | Warranty | 3 Years comprehensive on site OEM warranty from data of installation |
| 13 | Motherboard | OEM Motherboard with embossed logo on sticker |
| 14 | Accessories | All Necessary cables (power & data cables), 3 Mtr CAT 6 patch cord to be included |
| 15 | Antivirus | Preloaded (Lates version) internet security of trend Micro/Quick heal/ symantec/ Sophos/ kaspersky with 3 years |
| 16 | Certification | ROHS Compliance, BEE/Energy Star Certified, EPEAT Certified |
| 17 | Optical drive | DVD R/W |

मैं/हम घोषणा करता हूँ/करते हैं कि हमारी फर्म उक्त तकनीकी मापदण्ड अनुसार सामग्री सप्लाई करने को बाध्य रहेगें।

**बिडदाता के हस्ताक्षर मय मुहर**

बिड दाता का नाम

पूर्ण पता

टेलीफोन न0 ( निवास )–
( कार्यालय )
मोबाईल नम्बर

**Annexure-D**

## कम्प्युटर, प्रिंटर एवं स्मार्ट एल.ई.डी के क्रयार्थ खुली निविदा 01/2022–23

नोटः–निविदादाताओं को इन शर्तो को सावधानीपूर्वक पढना चाहिए तथा निविदा प्रेषित करते समय इसकी पूर्णरूपेण पालना करनी चाहिए, इन शर्तो के प्रत्येक पृष्ठ को हस्ताक्षरित किया जाना आवश्यक है अन्यथा निविदा पर विचार नहीं किया जाएगा। इस निविदा/अनुबन्ध के क्रम में ली जाने वाली सभी आपूर्ति पर सामान्य वित्तीय एवं लेखा नियमों एवं राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता अधिनियम 2012 एवं राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता नियम, 2013 प्रभावी होगें।

1. निविदा दाताओं को निविदा सूचना, बिड प्रपत्र में दिए गए निर्देशों के अनुसार कार्यालय **सामाजिक सुरक्षा अधिकारी, सान्याअवि, ब्लॉक इटावा जिला–कोटा** के नाम से संबोधन करते हुए मुहर बंद **प्रथम लिफाफे** में अपनी बिड जिस पर " **कम्प्युटर, प्रिंटर एवं स्मार्ट एल.ई.डी के क्रयार्थ खुली निविदा तकनीकी बिड**" लिखा हो में प्रस्तुत करनी होगी। द्वितीय लिफाफे में **कम्प्युटर, प्रिंटर एवं स्मार्ट एल.ई.डी के क्रयार्थ खुली निविदा वित्तीय बिड** प्रपत्र भर कर प्रस्तुत करना होगा। दोनो ही लिफाफे को **एक अन्य बडे लिफाफे** में जिस पर ' **कम्प्युटर, प्रिंटर एवं स्मार्ट एल.ई.डी के क्रयार्थ खुली निविदा** " लिख कर **कार्यालय में निर्धारित समय दिनांक 26.12.2022 को दोपहर 02:00 बजे तक जमा करवाया जाना अनिवार्य है।**
2. बिड प्रपत्र मूहरबंद लिफाफे में कार्यालय **सामाजिक सुरक्षा अधिकारी, सान्याअवि, ब्लॉक इटावा जिला–कोटा** में व्यक्तिगत रूप से जमा कराई जा सकती है अथवा रजिस्टर्ड डाक से प्रेषित की जा सकती है। यदि लिफाफे पर उपर्युक्तानुसार विववरण अंकित नही किया जाता है तो उपापन संस्था इसके परिणामों के बारे में कोई उत्तरदायित्व स्वीकार नहीं करेगी। डाक से प्राप्त होने वाली निविदाएं निर्धारित तिथी एवं समय तक कार्यालय को प्राप्त हो जानी चाहिए। देरी एवं विलम्ब से प्राप्त होने पर निविदा स्वीकार्य नही होगी। डाक डिलीवरी में रही किसी खामी के लिए उपापन संस्था कोई उत्तरदायित्व स्वीकार नही करेगी।
3. निविदादाता द्वारा निविदा प्रपत्र एवं शर्तो के प्रत्येक पृष्ठ पर शर्तो की स्वीकृति एवं सहमति स्वरूप हस्ताक्षर करने आवश्यक है अन्यथा निविदा पर विचार नहीं किया जाएगा।
4. <u>बोलीदाता द्वारा निम्नानुसार बोली दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगें :–प्रथम लिफाफा</u>
   (1) निविदा प्रपत्र भरा हुआ व हस्ताक्षरित
   (2) निविदा प्रपत्र का शुल्क (रू. 200/– का बैंक ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक की प्रति)
   (3) बिड प्रतिभूति राशि रु0 4000/– के बैंक ड्राफ्ट की प्रति।
   (4) Annexure-A,B,C,D हस्ताक्षरित।
   (5) GSTIn पंजीयन प्रमाण पत्र की स्वयं प्रमाणित छायाप्रति।
   (6) निविदादाता को पेनकार्ड की स्वयं प्रमाणित प्रतिलिपि
   (7) अन्य आवश्यक प्रमाणपत्र जो बिड शर्तो के अधीन आवश्यक हो।
5. द्वितीय लिफाफा – Annexure-E हस्ताक्षरित (वित्तीय बोली प्रपत्र)
6. निविदाएं/बोली थोक विक्रेता/बोनाफाईड/प्राधिकृत डीलर/सोल एजेंट/विपणन एजेन्ट/सद्व्यवहारी द्वारा ही दी जाएगी। अतः Annexure-B (एसआर–11 प्रपत्र) में घोषणा प्रस्तुत करेंगें।
7. **जीएसटी पंजीयन प्रमाण पत्र** :– बोलीदाता/निविदा दाता द्वारा जीएसटी पंजीयन प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। यदि निविदादाता राज्य में प्रचलित जी0एस0टी0 अधिनियम के अन्तर्गत पंजीकृत नही है तो वह बोली नहीं देगा।
8. **आयकर प्रमाण पत्र एवं पेन नम्बरः**–निविदादाता द्वारा पेन कार्ड की स्वयं प्रमाणित छायाप्रति संलग्न करनी ।
9. **बिड प्रपत्र का मूल्यः**–बिड प्रपत्र सामाजिक सुरक्षा अधिकारी, सान्याअवि, ब्लॉक इटावा कार्यालय में दिनांक 26.12.2022 को दोपहर 02.00 बजे तक डी0डी0/बैंकर्स चैक/नकद रू. 200/– रू. जमा करा कर भी प्राप्त किए जा सकते है।
10. **ब्लेक लिस्टेड के संबंध में घोषणाः**–निविदादाता/बोलीदाता फर्म को Annexure-A में इस आशय का शपथ पत्र प्रस्तुत करना होगा कि उसे किसी भी राजकीय विभाग/राजकीय संस्थान/निगम/बोर्ड आदि के द्वारा सामान/सामग्री की गुणवत्ता एवं सन्तोशप्रद आपूर्ति नहीं करने के लिए कोई शास्ति आरोपित नहीं की गई है एवं न ही ब्लेक लिस्ट/अयोग्य घोषित किया गया है।
11. संविदा प्रपत्र, नियम/शर्ते, संविदा से सम्बन्धित दस्तावेज आदि निर्धारित बिड प्रपत्र शुल्क रु. 200 का डीडी/बैंकर्स चैक सामाजिक सुरक्षा अधिकारी, सान्याअवि, ब्लॉक इटावा कोटा के कार्यालय में जमा कराकर 26/12/2022 दोपहर 02:00 बजे तक कार्यालय मे जमा करवाए जा सकते हैं यो वेबसाईट WWW.SPPP.RAJASTHAN.GOV.IN से बिड प्रपत्र Online Download कर भरकर प्रस्तुत किया जा सकता है।
12. **निविदा प्रपत्र का भरा जानाः**–निविदा प्रारूप स्याही से भरे जाएंगे। पेंसिल से भरी गयी किसी भी निविदा पर विचार नही किया जाएगा। निविदादाता निविदा के प्रत्येक पृष्ठ पर और अंत में, निविदा के समस्त निबंधनों और शर्तो की स्वीकृति के प्रमाण स्वरूप हस्ताक्षर करेगा।
13. बिड प्रपत्र शुल्क में किसी भी प्रकार की छुट प्रदान नहीं की जावेगी।
14. निविदादाता द्वारा राजस्थान की लघु उद्योग इकाई के रूप में निविदा प्रस्तुत करने की स्थिति में निम्न प्रमाण पत्र संलग्न करने अनिवार्य होंगें :– राजस्थान की लघु उद्योग इकाईयों जो आयुक्त, उद्योग विभाग, राजस्थान जयपुर के पास रजिस्ट्रीकृत हैं, पंजीकृत प्रमाण पत्र की प्रति एवं वित्त (जीएफएण्डआर) विभाग के आदेश क्रमांक प. 1(1)साविलेनि/2007/दिनांक 19.10.2010 परिपत्र सख्या 24/2010 के बिन्दु संख्या 8 (आई) के अनुसार 100/– रूपये के नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर पर नोटरी पब्लिक से प्रमाणित कराकर शपथ पत्र प्रस्तुत करना होगा, जिसमें निविदत्त आईटम का स्पष्ट उल्लेख हो। उक्त दोनों प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने पर ही कार्य सम्पादन प्रतिभूति राशि में नियमानुसार छूट

दी जा सकेगी। उक्त दोनो प्रमाण पत्रों के अभाव में छूट का लाभ नहीं दिया जाएगा, और निर्धारित बिड प्रतिभूति घोषणा/कार्य सम्पादन प्रतिभूति राशि के अभाव में प्राप्त निविदाओं पर विचार नहीं किया जाएगा।

15. **मूल्य अधिमान** :–मूल्य अधिमानता राजस्थान के उद्योगों द्वारा उत्पादित या विनिर्मित मालों पर या राजस्थान के बाहर उद्योगों द्वारा उत्पादित या विनिर्मित मालों की तुलना में भण्डार क्रय (राजस्थान के उद्योगों को अधिमानता) नियम, 1995 के अनुसार वित विभाग की अधिसूचना दिनांक 19.11.2015 एवं उसमें किये संशोधनों के प्रावधानों के अनुसार क्रय अधिमान दिया जावेगा। **प्रस्तुत दरों की तुलना प्रति आईटम एवं सभी आईटम की कुल लागत दोनो के आधार पर लिया जाकर निर्णय लिया जावेगा।**

16. दरों का अंकनः–दरों को शब्दों और अंको, दोनों में ही लिखा जाएगा। गलतियां तथा/अथवा लिप्त लेखन नहीं होना चाहिए। यदि कोई संशोधन हों तो उन्हें स्पष्ट रूप से किया जाए और उन पर तारीख सहित हस्ताक्षर किए जाऐं। प्रस्तुत दरों में, अंकों एवं शब्दों में वर्णित दरों में अन्तर नहीं होना चाहिए ऐसी परिस्थिति में जो भी दर कम होगी वो उपापन संस्था द्वारा मान ली जाएगी। माल का परिदान संबन्धित स्थानों के परिसर पर किया जाएगा अतः निविदादाता को उक्त स्थानों पर एफ0ओ0आर0 दर प्रस्तुत की जानी होगी।

17. वित्तीय दरें एवं सामग्री की प्रदायगीः–

**(अ)वित्तीय बोली प्रपत्र में दरें सभी प्रकार के खर्चो (जैसे जी0एस0टी0, भाडा, पैकिंग, मजदूरी, चुंगी एवं अन्य कर सहित) उल्लेखित की जाएगी। माल पहूँचाने का उतरवाने का उत्तरदायित्व बोलीदाता का होगा। दरों में जीएसटी की राशि सम्मिलित की जावे। सभी प्रकार के जीएसटी(CGST/RGST/IGST) का भुगतान बिल पर अलग से नहीं किया जाएगा। उसे कोट की गई दर में ही सम्मिलित माना जाएगा।**

(ब)बोलीदाता आवश्यक रूप से मूल दर(समस्त खर्चो सहित) का कॉलम में अंकन करेगा। यदि बोलीदाता वित्तीय बिड में किसी प्रकार के जीएसटी का मूल दर के निर्धारित कॉलम में मूल दर में जोड कर अंकन नही करता है तो प्रस्तुत दर जीएसटी सहित मानी जावेगी। ऐसी परिस्थिति में जीएसटी को अलग से दर्शाने या निविदादाता का किसी प्रकार का स्पष्टीकरण स्वीकार्य नही होगा।

(स) वित्तीय बोलियों का मूल्यांकन राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता नियम 2013 के नियम 65 एवं 66 के अनुसार होगा।

18. सामग्री का इंस्टालेशनः–**स्वीकृतकर्ता निविदादाता द्वारा कम्पनी प्रतिनिधि के मार्फत कम्प्यूटर, प्रिन्टर एवं स्मार्ट एल.ई.डी का सफल इंस्टालेशन करने के उपरान्त ही भुगतान संबंधित कार्यवाही की जावेगी।**

19. अस्वीकृत किया जाना :–

(अ)निरीक्षण के या परीक्षण के दौरान अनुमोदित न की गयी वस्तुओं को अस्वीकृत कर दिया जाएगा और उन्हें क्रय अधिकारी द्वारा नियत किए गए समय के भीतर निविदादाता अपने स्वयं के व्यय पर बदलेगा।

(ब)तथापि, यदि सरकारी कार्य की अपेक्षाओं के कारण ऐसा प्रतिस्थापन पूर्णतः या अंशतः साध्य न समझा जाए तो क्रय अधिकारी, निविदादाता को सुनवाई का एक अवसर प्रदान करने के पश्चात् कारणों को अभिलिखित करके, अनुमोदित दरों से उपयुक्त रकम की कटौती कर लेगा। इस प्रकार की गयी कटौती अंतिम होगी।

(स)अस्वीकृति की सूचना के 15 दिनों के भीतर, अस्वीकृत वस्तुएं निविदादाता द्वारा हटा दी जाएंगी, उसके पश्चात् क्रय अधिकारी किसी नुकसान, कमी या हानि हेतु दायी नहीं होगा और उसे अधिकार होगा कि वह निविदादाता की जोखिम पर और उक्त कारण से ऐसी वस्तुओं का निपटान उस रीति से कर दे जिसे वह उपयुक्त समझे।

20. ऑनसाईड वारन्टी/गांरटी खण्डः–निविदादाता यह गांरटी देगा कि माल/सामान/वस्तुएं खरीदे जाने वाले उक्त माल/सामान/वस्तुओं की इंस्टालेशन की दिनांक से 3 वर्ष तक की अवधि तक यथा विनिर्दिष्ट विवरण एवं गुणवता के अनुरूप बनी रहेगी तथा इस तथ्य के बावजूद कि क्रेता ने उक्त मालों/सामानों का निरीक्षण कर लिया है एवं/या उन्हें अनुमोदित कर दिया है, यदि कार्यालय में इंस्टालेशन की अवधि से 3 वर्ष में, उक्त मालों/सामानों/वस्तुओं का उपरोक्त विवरण एवं गुणवत्ता के अनुरूप नहीं पाया गया या वे समाप्त हो गए है तो निविदादाता स्वयं के खर्चे पर सामग्री को बदल कर उपापन संस्था को उपलब्ध करवायेगा। **प्रदाय की जा रही सामग्री की सर्विस गारन्टी भी निविदादाता को बिल के साथ प्रस्तुत करनी होगी तथा सर्विस सेन्टर कोटा स्थित होना आवश्यक है।**

21. परिदान कालावधिः– जिस निविदादाता की निविदा स्वीकृत हो चुकी है वह सम्बन्धित कार्यालय द्वारा प्रदाय आदेश की तारीख से निर्धारित कालावधि (15 दिवस) के भीतर कार्यालय को प्रदाय हेतु व्यवस्था करेगा।

22. नमूना एवं तकनीकी मापदण्ड :– Annexure-C **में वर्णितानुसार सामग्री का तकनीकी रूप से निर्दिष्ट होना आवश्यक है। दिये गये तकनीकी मापदण्ड से कम की साामग्री स्वीकार्य नही होगी। जिस कम्पनी एवं मॉडल की किमत कोट की गई है उससे संबंधित कम्पनी का ब्रॉशर भी निविदा प्रपत्र के साथ प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा या प्रस्तुत मॉडल एवं कोट की गई किमत के मॉडल के संबंध में उसके तकनीकी मापदण्ड को निविदादाता को अपने लेटरपेड पर लिख कर देना अनिवार्य होगा।**

23. प्राईस – शिड्युलः– में वर्णित मात्रा अनुमानात्मक है कार्य की आवश्यकता के दृष्टिगत् इनमें कमी अथवा वृद्वि की जा सकती है। जिसके लिए बोली स्वीकृत दरों से भुगतान किया जावेगा। क्रय समिति न्यूनतम दर को स्वीकार करने के लिए बाध्य नही होगी। क्रय समिति बोली को स्वीकार करने/स्वीकार न करने/निरस्त करने या उसके किसी भी भाग को बिना कोई कारण बताए रद्द करने का सम्पूर्ण अधिकार अपने पास सुरक्षित रखती है। क्रय समिति का निर्णय वैधानिक तौर से सर्वोत्तम निर्णय माना जाएगा तथा सभी पक्षकारों के लिए मानने के लिए बाध्यकारी रहेगा।

24. कार्यादेश की मात्रा एवं राशि की सीमाः–यदि क्रय अधिकारी निविदत्त सामग्री में से किसी वस्तु का क्रय नहीं करता या निविदा प्ररूप में वर्णित मात्रा से कम का क्रय करता है तो निविदादाता मुआवजे हेतु किसी दावें का हकदार नहीं होगा। दरें बोली खोले जाने की दिनांक से 31.03.2023 तक के लिए लागू रहेंगी। निविदादाता को चाहे कार्य आदेश अलग–अलग समयावधी में दिये जाएं उसके द्वारा बिड प्रपत्र में भरी गई दरें ही दिनांक 31.03.2023 तक मान्य रहेगी एवं उन्ही दरों पर भुगतान स्वीकृत किया जाएगा।

संविदा में **कम्प्युटर, प्रिंटर एवं स्मार्ट एल.ई.डी** के क्रयार्थ अनुमानित लागत रू. 200000/–का उल्लेख किया गया है। निविदादाता को उक्त लागत तक कार्य आदेश स्वीकृत किया जाना अनिवार्य नहीं होगा एवं बजट सीमा में

कार्य आदेश स्वीकृत/अनुमोदित दरों पर दिनांक 31.03.2023 तक दिये जा सकेगें। अनुमानित लागत से कम या अधिक के कार्य आदेश देने हेतु उपापन संस्था स्वतंत्र रहेगी।

25. **बिड प्रतिभूति बोण्ड:**– बिड प्रतिभूति राशि रु0 4000/– के बैंक ड्राफ्ट की प्रति बिड प्रपत्र शुल्क के साथ तकनीकी बिड वाले लिफाफे में मूहरबंद कर दिनांक 26.12.2022 को दोपहर 02:00 बजे तक प्रस्तुत करना होगा।

26. **बिड प्रतिभूति राशि का समपहरण :**– अग्रिम राशि का निम्नलिखित स्थितियों में समपहरण किया जा सकेगा :–

(I) जब निविदादाता निविदा खोले जाने के पश्चात् किन्तु निविदा की स्वीकृति के पूर्व निविदा वापस ले लेता है या प्रस्ताव को उपान्तरित कर देता है।

(II) जब निविदादाता विनिर्दिष्ट समय के भीतर विहित करार यदि हो, निष्पादित नहीं करता।

(III) जब प्रदाय आदेश दिए जाने के पश्चात् निविदादाता प्रतिभूति राशि जमा नहीं कराता।

(IV) जब वह विहित समय के भीतर प्रदाय आदेश के अनुसार मदों का प्रदाय प्रारम्भ करने में विफल रहता है।

(V) जब कोई बोलीदाता स्वीकृत की गई दरों की सूचना के 7 दिवस में अथवा वृद्धि की गई अवधि में निर्धारित कार्य सम्पादन प्रतिभूति राशि जमा नही कराता है एवं समस्त अनुमोदित वस्तु की आर्पूति हेतु निर्धारित अनुबंध पत्र भरकर नहीं देता है, तो बोलीदाता की जमा बोली प्रतिभूति राशि जब्त कर ली जावेगी। इस हेतु किसी प्रकार की पूर्व सूचना बोलीदाता को नही दी जावेगी।

(VI) यदि बोली लगाने वाला राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता अधिनियम 2012 वं नियम 2013 के अध्याय 6 में विनिर्दिष्ट बोली लगाने वालो के लिए सत्यनिष्ठा की संहिता के किसी उपबन्ध को भंग करता है।

(VII) बोली प्रतिभूति निक्षेप को समपहृत करने के मामले में युक्तियक्त समय पूर्व नोटिस दिया जाएगा। इस संबंध में उपापन संस्था का निर्णय अंतिम होगा।

27. करार का निष्पादन:–

1–उपापन संविदा ऐसी तारीख से प्रवृत होगी जिसको स्वीकृति पत्र या आशय पत्र बोली लगाने वाले को प्रेषित किया जाता है।

2–सफल बोली लगाने वाले को 7 दिवस के भीतर, जिस पर सफल बोली लगाने वाले को स्वीकृत पत्र या आशय पत्र प्रेषित किया जाता है। उपापन संविदा पर हस्ताक्षर करने होगें।

3–यदि बोली लगाने वाला, जिसकी बोली स्वीकृत की जा चुकी है 7 दिवस के भीतर संविदा पर हस्ताक्षर करने में विफल रहता है तो उपापन संस्था, सफल बोली लगाने वाले के विरूद्ध अधिनियम या इन नियमों के उपबन्धों के अनुसार कार्यवाही करेगी। ऐसे मामलों में कार्यालय उपापन प्रक्रिया को रद्द कर सकेगा या उचित समझे तो, बोली दस्तावेज मे उपवर्णित कसौटी और प्रक्रियाओं के अनुसार, न्यूनतम या सर्वाधिक लाभप्रद दरों पर अगले न्यूनतम या सर्वाधिक लाभप्रद दर की बोली लगाने वाले को, स्वीकृति का प्रस्ताव दे सकेगा।

4–बोली लगाने वाले को, उसके खर्चे पर विनिर्दिष्ट मूल्य 500/– रू. के नोन ज्युडिशियल स्टाम्प पर करार निष्पादित करना होगा तथा उपापन संस्था को मूल करार पत्र उपलब्ध कराना होगा।

**5–करार का सम्पादन नही किये जाने पर निविदादाता को ब्लेक लिस्ट करने की कार्यवाही की जावेगी।**

6–बोलीदाता द्वारा बोली में दी गई दरे वित्तीय बोली खोलने की दिनांक से 31.03.2023 तक निर्णय हेतु वैध होगी एवं बोलीदाता बोली में दी गई दरों पर अनुबंध करने को बाध्य होगा अन्यथा बोली पर शर्त संख्या 27 अनुसार कार्यवाही की जावेगी।

निविदादाता करार के निष्पादन के समय निम्नलिखित दस्तावेज प्रस्तुत करेगा :–

(I) भागीदारी फर्मो के मामलें मे भागीदारी विलेख की एक अनुप्रमाणित प्रतिलिपिं।

(II) यदि फर्म, फर्मो के रजिस्ट्रार के पास रजिस्ट्रीकृत हो तो रजिस्ट्रीकरण क्रमांक और रजिस्ट्रीकरण का वर्ष

(III) एक मात्र स्वत्वधारित की दशा में निवास तथा कार्यालय का पता, टेलीफोन संख्यांक

(IV) कम्पनी की दशा में कम्पनी रजिस्ट्रार द्वारा जारी किया गया रजिस्ट्रीकरण।

28. कार्य सम्पादन प्रतिभूति:–

